CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 153 □ रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

राम मंदिरः खुला चढ़ावा चोरी का रहस्य

आठ लोगों ने मिलकर रची थी साजिश, थाने में उगले कई राज

नई दिल्ली, 26 जून (न्यूज चैनल)। राम मंदिर चढ़ावा चोरी के खुलासे के 19 दिन बाद और जांच के लिए गठित एसआईटी की सिफारिश के दो दिन बाद आखिरकार एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के ड्राइवर रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू, ट्रस्ट के पदाधिकारी अनिल मिश्रा के रिश्तेदार अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा के अलावा गणना कर्मी मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्र व गणना इंचार्ज सुभाष श्रीवास्तव और कई अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई गई है। सभी पर साजिश के तहत धोखाधड़ी कर चढ़ावा राशि चोरी करने का आरोप है। पुलिस ने टिन्नू समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

राम मंदिर में छह जून को चढ़ावा चोरी का मामला उजागर हुआ था। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने खुद ही संदिग्धों को पकड़कर जांच शुरू की थी। उसके बाद 13 जून को एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने 23 जून को शासन को रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें एफआईआर की सिफारिश की गई थी। बृहस्पतिवार को ट्रस्टी कृष्ण मोहन की तहरीर पर कोतवाली रामजन्मभूमि में एफआईआर दर्ज की गई। इन सभी आरोपियों से थाने में रात भर पूछताछ रही। आज यह सभी आरोपी जेल भेज दिए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक़ क़रीब 60 लाख रुपये अब तक बरामद कर लिए गए हैं। टिन्नू और सुभाष ने इस चढ़ावा चोरी प्रक्रिया के बारे में कई महत्वपूर्ण राज पुलिस को बताएं हैं। इसमें से कई बैंक अफ़सरों के लिए नाम भी लिए गए हैं। कुछ अज्ञात भी आरोपी हैं। दरअसल, पुलिस की विवेचना में और साक्ष्य सामने आएंगे। इसमें सरकारी बैंककर्मियों के अलावा अन्य नामों का भी खुलासा होगा। बैंककर्मियों के खेल में शामिल होने के साक्ष्य भी मिले हैं।

चंपत राय और अनिल मिश्रा का ट्रस्ट से इस्तीफा

राम मंदिर चंदा विवाद के बीच बड़ी खबर सामने आ रही है। राम जन्मभूमि ट्रस्ट के दो सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है। राम मंदिर जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे की खबर सामने आ रही है। इसके अलावा अनिल मिश्रा ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा ऐसे समय में हुआ है जब चंदा चोरी मामले को लेकर एफआईआर दर्ज किया गया है और आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई है। अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद सभी नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी आरोपियों की न्यायिक रिमांड लेने के लिए उन्हें फैजाबाद के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में पेश किया जाएगा। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने बताया कि आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और पुलिस मामले के संबंध में उनसे पूछताछ कर रही है।

हादसे में मासूम की मौत, दो-दो बार पुलिस बैरिकेड तोड़ भागा ट्रक चालक

बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, 26 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से हिट एंड रन की बेहद हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. तेज रफ्तार ट्रक ने गुंडरदेही गांव के पास शुक्रवार सुबह मासूम को रौंद दिया. हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने जब ट्रक को पकड़ने की कोशिश तो, चालक बैरिकेड्स तोड़कर महाराष्ट्र बॉर्डर की ओर भाग निकला. इस दौरान पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए।

जानकारी के मुताबिक, गुंडरदेही में सड़क किनारे खेल रहे बच्चे को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। दर्दनाक हादसे में मासूम की मौत हो गई. मृतक के परिजनों की सूचना पर पुलिस एक्टिव हुई और ट्रक चालक को पकड़ने के प्रयास शरू कर दिए. मोहला और मानपुर थाना के पास ट्रक को पकड़ने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए थे. मौके पर कई पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। आरोपी चालक घटनास्थल के बाद काफी रफ्तार में ट्रक दौड़ा रहा था. मोहला में पुलिसकर्मियों के रुकवाने पर भी चालक ट्रक को बिना रोके बेरिकेड तोड़ते हुए आगे निकल गया. घटना की सूचना के बाद मानपुर थाना के बाहर भी बेरिकेडिंग की गई थी. जब ट्रक पास में पहुंची तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी चालक ने दोबारा बेरिकेडिंग तोड़ दो और भाग निकला. हालांकि पुलिस लगातार आरोपी पीछा करती रही. वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर आई. आखिरकार चालक को कोरकोट्टी गांव के पास पकड़ गया. वह फिलहाल पुलिस की हिरासत में है।

ब्रेकिंग न्यूज

केतन अग्रवाल हत्याकांडः आरोपी सिया के माता-पिता बोले, दोष साबित होने पर बेटी को मिले सबसे कड़ी सजा

नई दिल्ली, 26 जून (न्यूज चैनल)। करीब 13 महीने पहले मध्य प्रदेश की लड़की सोनम रघुवंशी ने मेघालय में छुट्टियां बिताने के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी की नृशंस हत्या कर दी थी। प्रेम त्रिकोण या तीन किरदारों का एक ऐसा ही मामला महाराष्ट्र के पुणे से सामने आया है। इस मामले में शादी से पहले मंगेतर को मौत के घाट उतारा गया है। आरोप सिया और उसके प्रेमी चेतन चौधरी पर लगे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान सिया-चेतन अपने बयान बदल रहे हैं। केतन अग्रवाल और सिया गोयल की इस कहानी में अब तक इस मामले में क्या हुआ? पुलिस की जांच कहां तक पहुंची? अदालत में पेशी के दौरान आरोपियों पर क्या आरोप लगाए गए हैं? केतन अग्रवाल की कथित हत्या के मामले में जांच के बीच मुख्य आरोपी सिया गोयल के माता-पिता ने घटना पर गहरा सदमा व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं भी जताई हैं। माता-पिता ने कहा कि मामले में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, चाहे वह उनकी बेटी ही क्यों न हो।

रामलला के दरबार पहुंचे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, बोले- सुख-समृद्धि की कामना की

नई दिल्ली, 26 जून (न्यूज चैनल)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। सुबह करीब 11 बजे उन्होंने रामलला के दरबार में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वो हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। उनके साथ आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी मौजूद रहे। दर्शन से पहले केजरीवाल ने कहा कि वह भगवान राम से देशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। उन्होंने बताया कि रामलला के दर्शन के बाद वह हनुमानगढ़ी जाकर पूजा-अर्चना करेंगे। इसके उपरांत संत-महात्माओं से मुलाकात का भी उनका कार्यक्रम है।

छत्तीसगढ़ में यूसीसी पर बड़ा कदम, साय सरकार ने बनाई हाईपावर कमेटी, रंजना प्रकाश देसाई संभालेंगी कमान

रायपुर, 26 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में एक बहुत बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने इसके अध्ययन और ड्राफ्ट तैयार करने के लिए एक हाईपावर कमेटी का गठन कर दिया है, जिसका आधिकारिक आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने आज जारी कर दिया। इस फैसले की जानकारी खुद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (ट्विटर) पर साझा की। नी प्रक्रिया तय होगी। बता दें कि इस बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण कमेटी की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई को सौंपी गई है। शासन स्तर पर जारी आदेश के मुताबिक, कमेटी में अनुभवी और जमीन से जुड़े चेहरों को जगह दी गई है।

झारखंड में भीषण सड़क हादसा: ट्रक और सवारी गाड़ी की टक्कर में 7 लोगों की मौत, 1 गंभीर

नई दिल्ली, 26 जून (न्यूज चैनल)। झारखंड के रामगढ़ जिले से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां रजरप्पा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लारी-बरलौंग के पास रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग (एनएच-23) पर देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक और सवारी गाड़ी के बीच हुई इस जोरदार टक्कर में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार दुर्घटना का शिकार हुए लोग बलसगरा और मरांगमरचा गांव के रहने वाले थे और एक म्यूजिकल बैंड/ताशा पार्टी से जुड़े हुए थे। वे सभी देर रात करीब 12 से 1:30 बजे के बीच एक कार्यक्रम से काम पूरा करके अपनी सवारी गाड़ी से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान लारी के समीप गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि सवारी गाड़ी पूरी तरह चकनाचूर हो गई। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण और रजरप्पा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला और तुरंत रामगढ़ सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने 7 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है जिसे बेहतर इलाज के लिए तुरंत रांची रेफर कर दिया गया है। वहीं पुलिस के अनुसार जान गंवाने वाले लोगों में ज्यादातर रजरप्पा क्षेत्र के मारंगमार्चा गांव के निवासी शामिल हैं। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली पहुंचते ही खामेनेई मंत्री का बड़ा धमाका भारत में ईरान बहा देगा तेल की नदियां

नई दिल्ली, 26 जून (न्यूज चैनल)। भारत में एक बार फिर ईरानी तेल की वापसी होने जा रही है क्या? ईरान के तेल मंत्री एनर्जी मिनिस्टर भारत पहुंचे हैं और आते ही उन्होंने बड़ा बयान दिया है। ईरान के तेल मंत्री एनर्जी मिनिस्टर मोहसीन पाक निजाद ने साफ संकेत दिए हैं कि ईरान भारत के साथ तेल, गैस और ऊर्जा क्षेत्र में बड़े स्तर पर सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है। इतना ही नहीं दोनों देशों के बीच निवेश और व्यापार बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा हो रही है। ईरान इस समय ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के बहाने भारत आया है। लेकिन असली खेल पर्दे के पीछे की द्विपक्षीय वार्ताओं में चल रहा है। इस संभावित नई डील की गहराई को समझने के लिए हमें इतिहास के उस दौर में जाना होगा जब ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध सेंशंस नहीं लगे हुए थे। साल 2018-19 से पहले ईरान भारत को कच्चा तेल सप्लाई करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश हुआ करता था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत किस बेहतरीन और जादुई व्यवस्था के चलते ईरान से तेल खरीदता था।

डॉलर की छुट्टी हो चुकी थी और रुपए में पेमेंट हो चुकी। भारत ईरान से जो भी तेल खरीदता था, उसका 45त्न भुगतान अमेरिकी डॉलर में नहीं बल्कि सीधे भारतीय करेंसी यानी रुपए में हुआ करती थी। इसके लिए भारत के एक बैंक में बाकायदा ईरान का एक विशेष अकाउंट खाता भी खोला गया था। बदले में भारतीय सामान भी दिया जाता था।

वेनेजुएला भूकंप में मौत का आंकड़ा 235 हुआ, मलबे हटाने का काम और रेस्क्यू जारी

नई दिल्ली, 26 जून (न्यूज चैनल)। वेनेजुएला में भूकंप के बाद मौत का आंकड़ा 235 पहुंच गया है। प्रभावित इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन और मलबे हटाने का काम जारी है। रिक्टर पैमाने पर 7 से अधिक तीव्रता वाला ये भूकंप 120 से अधिक वर्षों के बाद आया है। ऐसे में हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। करीब 28 साल पहले वर्ष 1999 में वेनेजुएला भूस्खलन से प्रभावित हुआ था। हजारों लोगों की मौत के कारण इसे देश की सबसे भीषण प्राकृतिक आपदाओं में से एक माना जाता है। इस भूकंप के बाद डोमिनिकन गणराज्य की रेस्क्यू टीम प्रभावित इलाकों में सबसे पहले पहुंची। हालांकि, देश के माहौल को देखते हुए चुनौतियां अधिक गंभीर हैं और कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज के लिए ये किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसी साल जनवरी में मादुरो की गिरफ्तारी के बाद पूर्व उपराष्ट्रपति रोड्रिगेज ने पदभार संभाला है। वेनेजुएला में जानमाल के नुकसान को लेकर दुनियाभर में संवेदनाएं जताई जा रही हैं। गुरुवार को भूकंप की खबर आने के बाद भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि आपदा की इस घड़ी में देश हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है।

दो मासूम की तालाब में डूबने से हुई मौत

मगरलोड, 26 जून (हाईवे चैनल)। गांव के तालाब में नहाने गए दो बच्ची की डूबने से मौत हो गई। गांव में सनसनी फैल गई इस घटना से परिवार वाले सदमे में है। गांव में शोक की लहर है। थाना से मिली जानकारी अनुसार 26 जून शुकवार की सुबह लगभग 9 बजे ग्राम कपालफोड़ी की बच्ची खुशबू साहू उम्र 8 वर्ष पिता दीपक साहू अपनी सहेली गीतिका साहू उम्र 8 वर्ष पिता नारद साहू के साथ गांव के बाजार तालाब में नहाने गए हुए थे। दोनों नहाते नहाते गहरे पानी में जाकर डूब गई। उसके कुछ दूरी में ही पेमिन बाई साहू भी नहा रही थी जो बच्ची नहाते हुए नहीं दिखी। तालाब किनारे में बच्ची का कपड़ा व बाल्टी पड़ा हुआ था। गांव की महिला पेमिन बाई साहू ने बच्ची नहीं दिखने पर संदेह होने पर उसके परिजनों को सूचना दी। दोनों बच्ची के परिवार वाले तालाब पहुंच कर अंदर पानी में खोजबीन की थी। तालाब के लगभग 7 फिट अंदर पानी में दोनों बच्ची डूबा हुआ था। खुशबू साहू और गीतिका साहू को पानी से निकाल कर निजी वाहन से शासकीय अस्पताल मगरलोड में लाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्ची को मृत घोषित किया। दोनों बच्ची की मौत से परिवार वाले सदमे में है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा पीएम के लिए भेज दिया गया।

307 स्कूलों में एक-एक शिक्षक! ऐसे कैसे संवरेगा आदिवासी अंचल के बच्चों का भविष्य

जगदलपुर, 26 जून (हाईवे चैनल)। जिले में शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है। युक्तियुक्तकरण के बाद भी प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर नहीं हो सकी है। हालात यह हैं कि जिले के 307 प्राथमिक विद्यालय आज भी सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। पहले एकल शिक्षकीय स्कूलों की संख्या 292 थी, लेकिन अब यह बढ़कर 307 हो गई है। अधिकारियों के मुताबिक, कई प्रधान अध्यापकों की मृत्यु, कुछ शिक्षकों के दूसरी नौकरी में चयन और त्यागपत्र देने के कारण यह स्थिति और गंभीर हो गई है। एक ही शिक्षक को पढ़ाई के साथ-साथ प्रशासनिक कार्य, मिड-डे मील, रिकॉर्ड संधारण और अन्य सरकारी जिम्मेदारियां भी निभानी पड़ रही हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिलेगी?

युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य स्कूलों में शिक्षकों का संतुलित वितरण था, लेकिन जमीनी तस्वीर बताती है कि कई स्कूल अब भी पर्याप्त शिक्षकों का इंतजार कर रहे हैं। शिक्षा विभाग का कहना है कि जब तक नई शिक्षक भर्ती पूरी नहीं होती और उनकी पदस्थापना नहीं होती, तब तक एकल शिक्षकीय विद्यालयों की संख्या में कमी आना संभव नहीं है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या बच्चों का भविष्य लंबे समय तक सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे छोड़ दिया जाएगा, या फिर सरकार जल्द भर्ती कर इन स्कूलों को पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराएगी?

कोर्ट के आदेश की अनदेखी पड़ी भारी, हाईकोर्ट ने जेडी को अवमानना नोटिस जारी कर मांगा जवाब

बिलासपुर, 26 जून (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट ने अदालती आदेश की अवहेलना करने के एक गंभीर मामले में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने आरपी आदित्य, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति बिभू दत्त गुरु की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता संजय साहू की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया। मामला मुंगेली जिले में पदस्थ रहे सहायक कार्यक्रम समन्वयक (समग्र शिक्षा) संजय साहू के निलंबन और बहाली से जुड़ा है। याचिकाकर्ता संजय साहू को 18 सितंबर 2024 को निलंबित कर दिया गया था। याचिकाकर्ता का आरोप था कि विभागीय जांच शुरू किए बिना उन्हें लंबे समय तक निलंबित रखा गया और उनका पक्ष भी नहीं सुना गया। अपने निलंबन के खिलाफ संजय साहू ने हाईकोर्ट में याचिका (डब्ल्यूपीएस नंबर. 3235/2026) दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने 15 अप्रैल 2026 को आदेश पारित कर अधिकारी को निर्देशित किया था कि वे याचिकाकर्ता के 12 मार्च 2026 के आवेदन/अभ्यावेदन पर 45 दिनों के भीतर कानून सम्मत निर्णय लें।

हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी मिलने और समय-सीमा बीत जाने के बाद भी संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर ने याचिकाकर्ता की बहाली या अभ्यावेदन पर कोई अंतिम ठोस निर्णय नहीं लिया, जो सीधे तौर पर न्यायालय के आदेश की अवमानना है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी संयुक्त संचालक द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। तय समय-सीमा में आदेश का पालन न होने पर याचिकाकर्ता संजय साहू ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, केसी वेणुगोपाल कह रहें हैं जनहित के मामलों को लेकर कांग्रेस शीघ्र आंदोलन शुरू करेगी। चुहिया- हां जी, लेकिन राजनीतिक दल जनहित के मामलों पर ही आंदोलन करते हैं..!